हिन्दुस्तान (Hindustan)

दिनाँक (Dated): 13.03.2023 | पृष्ठ सं० (Page No). 02 | क्रम सं०(Serial No.) 11

# आतंकवाद और राष्ट्र विरोधी गतिविधियां बर्दाश्त नहीं करेंगे: शाह

**प्रतिबद्धता**

- सीआईएसएफ के 54वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए
- शहीद सीआईएसएफ कर्मियों को श्रद्धांजलि दी

**हैदराबाद, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि देश के किसी भी हिस्से में अलगाववाद, आतंकवाद और राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों से सख्ती से निपटा जाएगा।

उन्होंने कहा कि केंद्र ने पिछले नौ वर्षों में कई आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद को बिल्कुल न बर्दाश्त करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की नीति आने वाले वक्त में भी जारी रहेगी। शाह केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 54वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। शाह ने कहा, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सीएपीएफ और राज्य पुलिस की भूमिका पर जोर देते हुए उन्होंने इसे 'महत्वपूर्ण' बताया और कहा कि पिछले नौ वर्षों में यह प्रदर्शित किया गया है।

उन्होंने शहीद सीआईएसएफ कर्मियों को श्रद्धांजलि भी दी। इस मौके पर सीआईएसएफ महानिदेशक शील वर्धन सिंह ने भी संबोधन दिया। सीआईएसएफ ने पहली बार दिल्ली के बाहर अपना वार्षिक स्थापना दिवस मनाया है। इस कार्यक्रम का आयोजन यहां हकीमपेट में सीआईएसएफ राष्ट्रीय औद्योगिक सुरक्षा अकादमी में किया गया।



हैदराबाद में रविवार को सीआईएसएफ के 54वें स्थापना दिवस समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल हुए। • प्रेट्र

**कश्मीर में हिंसा कम हुई, पूर्वोत्तर में उग्रवाद घटा**

शाह ने कहा, सरकार ने पिछले नौ वर्ष में आंतरिक सुरक्षा की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है। कश्मीर में हिंसा काफी कम हुई है, जबकि पूर्वोत्तर और वामपंथी चरमपंथ प्रभावित इलाकों में उग्रवाद भी कम हुआ है। आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त होने वाले लोगों की संख्या घटती जा रही है और कई लोग हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं।